एक नजर में

सेडमेप द्वारा जीरन कॉलेज में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नीमच। शासकीय महाविद्यालय जीरन में स्वामी विवेकानन्द केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास केन्द्र सेडमेप के संयुक्त तत्वाधान में अल्पावधी रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के तहत ब्यूटीशियन कोर्स का समापन हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 50 छात्राओं ने ब्यूटीशियन प्रशिक्षण में सभी आधारभूत विधाओ को सीख कर स्वरोजगार एवं स्वावलंबन तथा करियर निर्माण की जानकारी हासिल की प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संभाग नोडल अधिकारी ही श्री संजय जोशी ने प्रशिक्षणार्थीयों को प्रमाण पत्र वितरीत कर स्वाभिमान के साथ स्वयं निजी कॅरियर की राह पर छोटे छोटे कदम उठाकर बड़ा व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सेडमैप अधिकारी श्री नीरज सिंह ने स्वरोजगार स्थापना हेतु शासन की विभीन्न ऋण योजनाओं में सेडमेप के माध्यम से हर संभव मदद करने का विश्वास दिलाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपा कुमावत ने छात्राओं से आगामी प्रशिक्षणों हेतु तत्पर रहने एवं स्वयं का ब्यूटी पार्लर स्थापित कर अपने ग्राम एवं नगर में उदाहरण प्रस्तुत करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनम घोटा एवं आभार डॉ. अर्चना बिजोरिया ने व्यक्त किया। डॉ.शीतल सोलकी,डॉ. बाला शर्मा आदि ने छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।

सेवा पखवाड़ा के तहत ग्रामीण क्षेत्र में 209 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

नीमच। स्वच्छता ही सेवा अभियान और ग्रामीण परिवेश की स्वच्छता में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अंतर्गत कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा दे रहे सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए । बुधवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जनपद पंचायत भवन मनासा , ग्राम पंचायत भवन जन्नौद , ग्राम पंचायत मोरवन , और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालसोड़ा में आयोजित किए गए । शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नीमच विकासखण्ड में 39 , जावद विकासखण्ड में 83 ओर मनासा विकासखण्ड में 87 कुल 209 से अधिक सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ग्राम पंचायत भवन मोरवन पर आयोजित शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमति प्रीति संघवी भी उपस्थित थी । शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, स्वास्थ्य जांच, शुगर जांच, हिमोग्लोबिन जांच, आदि की जांच की गई ओर सफाई मित्रो को सुरक्षा उपकरण व टी-शर्ट भी वितरित की गई।

रामपुरा नगर वन में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधा रोपण संपन्न

नीमच। वनमण्डलाधिकारी नीमच श्री एस.के. अटोदे एवं उपवनमण्डलाधिकारी मनासा श्री आर.एस. धुर्वे के निर्देशन में नीमच जिले में वन विभाग द्वारा बुधवार को सेवा पखवाड़ा के तहत वनपरिक्षेत्र रामपुरा के नगर वन में बुधवार को 150 पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू , स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजनों ने पौधारोपण किया। वन विभाग की ओर से रेजंर श्री भानुप्रतापसिंह सौलंकी, एवं टीम ने पौधा रोपण कर,पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से युवक की दर्दनाक मौत

नीमच। सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम भरभड़िया से मालखेड़ा रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान काना मीणा (30 वर्ष) पिता प्रताप रावत मीणा, निवासी ग्राम बड़ोदिया, थाना चंदेरिया, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, काना मीणा पत्थर से भरी ट्रॉली को खाली करने के लिए नीमच जिले में आया था। इसी दौरान भरभड़िया के पास ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। हादसे में काना ट्रॉली के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर स्थिति हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिटी पुलिस चौकी के अनुसार, शव का पोस्टमार्टम बुधवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय में किया गया। सिटी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान नीमच में

नीमच। जिले में 17 सितंबर से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। जिले में इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर स्वास्थ लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में नवाचार किया जा रहा है, जिसके तहत जिला मुख्यालय पर संचालित होने वाले प्रमुख गरबा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा महिलाओं का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के. खद्योत ने बताया, कि नीमच शहर के गरबा पाण्डालों में 25 सितम्बर से आयोजित इन स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं का हीमोग्लोबीन ,ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की जाएगी तथा जांच का परिणाम तत्काल महिलाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ.खद्योत ने सभी गरबा मंडलों से इस कार्य में सहयोग की अपील करते हुए समस्त महिलाओं से अनुरोध किया है, कि इन स्वास्थ शिविरों में अधिकाधिक जांच करवा कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की परफार्मेन्स तथा पोषण व पढ़ाई भी के आधार पर केंद्र की ग्रेडिंग तैयार की जाए : कलेक्टर

कलेक्टर ने की महागढ़ के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक पांच का निरीक्षण

नीमच। जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण भी पढ़ाई भी तथा कार्यकर्ताओं की परफार्मेन्स के आधार पर ग्रेडिंग तैयार की जाए। बेहतर कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जावेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जावेगा। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा, पोषण माह के तहत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 5 महागढ़ के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्डया से कही।

कलेक्टर चंद्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र महागढ़ में पोषण भी पढ़ाई भी पोषण माह के तहत आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होने बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी गर्भवती माताओं व बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सेवा पखवाडा के तहत करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सरपंच व ग्रामीणों से भी टीकाकरण कार्य की जानकारी ली और कहा, कि सरंपच भी यह देखे, कि उनके गांव में टीकाकरण से कोई वंचित ना रहे। कलेक्टर ने सुव्यवस्थित आंगनवाड़ी केंद्र संचालन के लिए कार्यकर्ता सुश्री आराधना कुवंर की सराहना की।

कलेक्टर ने आंगनवाडी केंद्र के निरीक्षण दौरान बच्चों को उपलब्ध करवाए गये नाश्ते(मीठा दलिया) को चखकर नाश्ते की गुणवत्ता को परखा तथा निर्देश दिए, कि बच्चों को नमकीन, दलिया अथवा कम चीनी युक्त दलिया नाश्ते में उपलब्ध करवाया जाए। उन्होने वर्क बुक में आंगनवाड़ी के बच्चों द्वारा किए गये अक्षर अंक ज्ञान के कार्य व पूर्व प्राथमिक शिक्षण कार्य का भी जायजा लिया। छोटे बच्चों में अक्षर ज्ञान का स्तर संतोषजनक पाया। इस मौके पर एसडीएम सुश्री किरण आंजना, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या, सीडीपीओ सुश्री देवकन्या गोयल भी उपस्थित थे।

नीमच में भाजपा बन गई जैन - बनियों की पार्टी, राजपूतों की हो रही अनदेखी

नीमच। नीमच में भाजपा जैन - बनियों की पार्टी बन चुकी है। तीनो विधानसभाओं में नगरपालिकों में और साथ ही जनपदों में भी अब जैन - बनियों की हिस्सेदारी है। नीमच जिले में राजपूतों के 88 हजार वोट है। 90 फीसदी वोट भाजपा को जाते है। संघ को चाहने वाले राजपूत है। बावजूद इसके राजपूतों की अनदेखी हो रही है। भाजपा ने हाल ही में अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की और पूरी तरह राजपूतों को नकार दिया गया। जिसके विरोध में इस्तीफों को दौर शुरू हो गया है, और आगामी दिनों में भाजपा से इस्तीफों की झड़ी लगने वाली हैं। यह बात राजपूत समाज के स्वाभिमान मंच से समाज के युवा प्रतिनिधियों ने कही। प्रेसवार्ता में समाज के गजेंद्र सिंह चौहान, गिरिराज सिंह और हिम्मतसिंह ने कहा कि नीमच में भाजपा विधायक दिलीपसिंह परिहार राजपूत समाज से हैं लेकिन 20 सालों में भी वह समाज को एक छात्रावास नही दिला पाए।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आज जिले के सभी विद्यालयों में स्वास्थ परीक्षण शिविरों का आयोजन

नामच। जिल क सभा विद्यालयों, आई.टी.आई. एवं कॉलेजों में गुरूवार 25 सितम्बर को स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत कक्षा 9वीं व इससे उपर के विद्यार्थियों, किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ परीक्षण एवं हीमोग्लोबीन की जांच की जावेगी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी विद्यार्थियों और किशोरी बालिकाओं, छात्राओं से 25 सितम्बर को विद्यालय में उपस्थित होकर स्वास्थ परीक्षण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान ग्राम देवरी खवासा के उप स्वास्थ केंद्र में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ परीक्षण शिविर का निरीक्षण कर जायजा लिया।

कलेक्टर ने बीएमओ से मनासा क्षेत्र में अबतक की गई जांच, स्वास्थ्य परीक्षण टीमों द्वारा प्रतिदिन की जा रही जांच, आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ विभाग के सभी सीएचओ टीम को प्रतिदिन न्यूनतम 60-60 महिलाओं, किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ जांच, हीमोग्लोबीन की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 25 सितम्बर को सभी शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों की स्वास्थ जांच व किशोरी बालिकाओं की शतप्रतिशत जांच करने के भी निर्देश दिए।

स्वास्थ शिविर देवरी खवासा के निरीक्षण दौरान पाया गया, कि स्कूल से किशोरी बालिकाओं को बारी-बारी से स्वास्थ केंद्र बुलाकर उनकी स्वास्थ जांच व हीमोग्लोबीन की जांचे, उप स्वास्थ केंद्र पर की जा रही थी।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा आधकारा का नदश दए, क स्वास्थ जांच व हीमोग्लोबीन जांच के लिए विद्यार्थियों, छात्राओं का स्कूल से स्वास्थ संस्था में नहीं बुलाए। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे 25 सितम्बर को जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं में स्वास्थ परीक्षण व जांच शिविर आयोजित कर सभी किशोरी बालिकाओं और छात्राओं की हीमोग्लोबीन जांच करवाई जाए। इस मौके पर कलेक्टर ने देवरी खवासा गांव में पर्याप्त साफ-सफाई कार्य के लिए सरपंच, सचिव की सराहना की। उन्होने सरपंच को पोषण माह अभियान व स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं, बच्चों के टीकाकरण व स्वास्थ परीक्षण कार्य में जनसहभागिता बढ़ाने की भी समझाईश दी।

रतनगढ़ वार्ड क्रमांक 8 और 12 में आई वाय सीएफ के अंतर्गत स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम

सिंगोली। राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना रतनगढ़ परियोजना सेक्टर रतनगढ़ मे पोषण जागरुकता को जन-आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आम जनता को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करने और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उददेश्य से बुधवार को सेक्टर रतनगढ़ के वार्ड क्रमांक 8 और 12 में स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुषों की पोषण संबंधी जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुगनाबाई गुर्जर, पार्षद मनोहर लाल सोनी, रतनी बाई सहित बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं और महिलाएं

उपस्थित थे।

महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती सीमा सोलंकी ने स्वच्छता के दौरान हाथ धुलाई एवं पोषण माह के उद्देश्य और गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। परियोजना अधिकारी श्रीमती कविता चौहान ने बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, खाने में नमक, शक्कर और तेल की मात्रा कम करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इन पदार्थों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी समझाया। कार्यक्रम स्थल पर पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें हरी पत्तेदार सब्जियां, विभिन्न दाले, अंकुरित अनाज और घर में आसानी से बनाए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी देकर पोषण सामग्री के सही उपयोग के बारे में बताया।

जि. पं. सीईओ द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पिपलियाबाग का आकस्मिक निरीक्षण किया

नीमच। जिला पंचायत नीमच के सीईओ अमन वैष्णव ने महिला एवं बाल विकास विभाग की नीमच ग्रामीण परियोजना के ग्राम पिपलिया बाग स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी श्री इरफान अंसारी एवं पर्यवेक्षक श्रीमती पिंकी भाटिया उपस्थित थे।उन्होने पिपलिया बाग की आंगनवाड़ी को गोद लिया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वैष्णव ने आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने हेतु आवश्यक सुधार कार्यों पर विशेष बल दिया। उन्होने वेंटिलेशन, झूले, पुताई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, पानी की टंकी, बच्चों के खिलौने, वर्कबुक, बाहर पेंटिंग, बच्चों की कुर्सियां, पीने के पानी हेतु केन, फर्श एवं दरी आदि संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और सीखने योग्य वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी समय में आंगनवाड़ी केंद्र में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जावेगी।

एक नजर — आनंद की अल्पविराम परिचय कार्यशाला संपन्न

जीवन कार्यों को तनावमुक्त कर आनंद की अनुभूति के टिप्स बताएं

नीमच। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके जीवन कार्यों में सकारात्मकता बढ़ाने की दृष्टि से प्रदेशभर में अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित हो रही है, इसी श्रृंखला में नीमच विकासखंड में आयुष विभाग के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित हुई, आनंद विभाग के जिले के सहायक नोडल अधिकारी ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव, जनपद पंचायत नीमच के खंड पंचायत अधिकारी श्री रोशन मालवीय, मास्टर ट्रेनर ी पुष्पेन्द्र सिसोदिया, राजेश गुप्ता, कमलाशंकर विश्वकर्मा एवं जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा कार्यशाला का सरस्वती पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का

आयोजन, उदेश्य एवं महत्व के बारे में तथा स्वागत उदबोधन जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया। ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव ने कहा कि खुशी, प्रसन्नता, उत्साह के साथ साथ इसी खुशी और आनंद के साथ हम लोग हमारे दैनिक जीवन के कार्यों को बड़े ही मनोयोग से करते हैं, तो हमारे कार्यों में और निखार आता है आज के इस भाग दौड़ भरे जीवन में शांति बहुत जरूरी है, और आनंद विभाग द्वारा यह कार्य सभी शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए किया जा रहा है जिससे हम लोग प्रसन्न होकर कार्य में रुचि से करे। साथ ही हर समय सकारात्मक भाव रखें। मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि मैने स्वयं अल्प विराम प्रशिक्षण लिया है, इसमें जो आनंद की अनुभूति हुई वह मन को शांति प्रदान करने वाली है, हम उत्साह से भरकर इस विराम को दूर करने के लिए हम लोग आज अल्पविराम कार्यशाला के माध्यम आनंद विभाग के साथ कार्य करने के आयाम सीखेंगे और सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते-करते सामाजिक एवं शासकीय कार्य को खुशनुमा बनाकर कार्य कर अपने दायित्व का निर्वहन सकारात्मक भाव से सकते है ।

मास्टर ट्रेनर श्री राजेश गुप्ता ने अल्पविराम कार्यशाला के प्रतिभागियों के बीच विस्तार से कार्यशाला के उद्देश्यों बताते हुए, हमारे जीवन कार्यों को तनाव मुक्त कर आनंद की अनुभूति के टिप्स बताए, उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए कार्यशाला में अनेक जानकारी प्रदान कराई जिसमें जीवन का लेखा जोखा, संपर्क सुधार के माध्यम से अपने जीवन को कैसे दिशा दी बताई। मास्टर ट्रेनर श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए जीवन की बुराइयों को कैसे अल्प विराम लेकर दूर किया विस्तार से बताया कि कैसे जीवन से ईर्ष्या, द्वेष, जलन को दूर किया जा सकता है। साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी आनंद के लिए किया गया। समापन सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने अनुभव लोगों के बीच रखा तथा प्रशिक्षण की प्रसंशा की एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला में स्वस्थ विभाग, कृषि विभाग, जनपद पंचायत, जन अभियान परिषद विभाग, राजस्व विभाग महिला वाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, आजीविका मिशन, पशु पालन, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुवे। कार्यक्रम का संचालन लेखापाल श्री पवन कुमरावत ने किया आभार श्री ताराचंद पाईवाल ने किया।